महत्वपूर्ण एवं खास

मालगाड़ी के वैगन अंदर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

रायगढ़। 19 जनवरी को कोतरारोड़ थाने में JSPL कम्पनी के

लाइजनिंग अफिसर हेंमत वर्मा द्वारा सूचना दिया गया कि कम्पनी में कोयला लेकर आयी मालगाड़ी के वैगन पिल्लर नम्बर 03 में एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक रूपक शर्मा, सउनि डी.पी. भारद्वाज हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे जहां मालगाडी के वैगन पिल्लर नम्बर 3 में एक 18-19 वर्ष के युवक का शव मिला। शव झुलसा हुआ है, जिसे देखने में विद्युत करंट से फौत होना प्रतीत हो रहा है। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी नहीं हुई है, शव को मरच्युरी में रखा गया है घटना के संबंध में थाना कोतरारोड़ में मर्ग क्रमांक 05/19 धारा 174 CrPC कायम कर जांच की जा रही है।

निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 22 को

रायगढ़ (आरएनएस)। जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय परिसर, पंजरी प्लांट कलेक्ट्रेट रोड़ रायगढ़ में किया जाएगा। आयुष स्वास्थ्य मेला में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार की व्याधियों जैसे-वातव्याधि, श्वास, कास, जीर्णज्वर, चर्मरोग, स्त्रीरोग, अर्श, भगन्दर, कामला, पाण्डु, जरा व्याधि, दौर्बल्य, वृक्क विकास, शिशु व बालरोग एवं अन्य जटिल रोगों का निदान कर रोगियों को उपलब्ध औषधियां निःशुल्क वितरण की जाएगी। इस मौके पर मेले में दैनिक व ऋतु अनुकूल दिनचर्या एवं ऋतुचर्या की जानकारी दी जाएगी। मेला स्थल में यथा आवश्यक रक्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ ने जिलेवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

पटेल ज्वेलर्स में सेंधमारी के आरोपित 40 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

रायगढ़। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग नगर निगम के सामने पास स्थित काम्प्लेक्स में पटेल ज्वेलर्स में देर रात अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिये थे। जिसमें चोरों ने 11 व 12 दिसम्बर की आधी रात दीवाल में सुरंग बनाकर चांदी के जेवरात को पार कर दिए । मामले में कोतवाली पुलिस अपराध दर्ज कर तफ्तीश में जुटी हुई है। वही वारदात घटित हुए 40 दिन का समय बीत जाने के बावजूद भी आरोपियों के बारे में कोतवाली पुलिस के हाथ खाली है। आलम यह है कि कोतवाली पुलिस टीम हवा में हाथ पैर मार रही है। गौरतलब है कि 11 दिसंबर की रात निगम परिसर में बना नगर निगम काम्प्लेक्स के पीछे उद्यान में घुसकर दुकान दीवाल छेदकर अज्ञात चोरों ने चांदी से निर्मित जेवरात को पार कर दिये थे जिसमें दुकान मालिक के आंकलन अनुसार उक्त चोरी 4 लाख के आसपास की थी।

29 से डाकघर में बन जाएंगे पासपोर्ट, 23 से आवेदन

रायगढ़। जिले में आगामी 29 जनवरी से डाकघर की मुख्य शाखा में पासपोर्ट बन जाएंगे। डाक विभाग ने ट्रायल के तौर पर 23 जनवरी से इसके आवेदन लेने की भी तैयारी शुरू कर दी है और छग के 6 वें पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ केन्द्रीय राज्य मंत्री व सांसद विष्णुदेव साय के हाथों कराया जाएगा।

रायगढ़ जिलेवासियों को अब विदेश के सैरसपाटे से पहले पासपोर्ट बनाने के लिए भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। अब तक राजधानी के चक्कर लगान वाले शहरवासियों को डाकविभाग राहत देने वाला है। दरअसल छग के 6 वें पोस्टल सर्विस सेंटर का शुभारंभ रायगढ़ में किया जा रहा है। अगली 29 जनवरी को रायगढ़ के मुख्य डाकघर में विधिवत रूप से यह सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी। इस संबंध में डाक विभाग ने बताया कि पासपोर्ट सेवा केन्द्र के लिए 23 जनवरी से आवेदन लेना शुरू कर दिया जाएगा।

इसके लिए रोजाना पासपोर्ट बनाने के लिए करीब 10 अपाइनमेंट जारी किए जाएंगे और 29 जनवरी के बाद से हर दिन 40 अपाइनमेंट जारी किए जाएंगे। पासपोर्ट सेवा केन्द्र की शुरूआत केन्द्रीय राज्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं शहर विधायक प्रकाश नायक की अगुवाई में की जाएगी।

गांजा तस्कर डेढ़ किलो माल के साथ गिरफ्तार, डोंगरीपाली पुलिस की कार्यवाही

सारंगढ़ (आरएनएस)। बरमकेला के डोंगरीपाली थाना प्रभारी ने एक आदतन गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की, बताया जा रहा हैं,थाना प्रभारी जय सिंह खूंटे जब से डोंगरीपाली थाना में पदस्थ हुए हैं, तब से उन्हें क्षेत्र में गांजा तस्करी की शिकायते मोबाइल के माध्यम से मिल रही थी, लेकिन एक्जेक्ट लोकेशन नही मिलने के कारण गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में नही आ पा रहे थे, वही थाना प्रभारी जय सिंह खूंटे को शुक्रवार शाम को मुखबिर के द्वारा सुचना मिली की साथर गाँव में एक व्यक्ति द्वारा गांजा की बिक्री की जा रही हैं, सुचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने टीम के साथ आरोपी के घर में जब

दबिस दी तो, आरोपी के घर से लगभग डेढ़ किलो गांजा जप्त किया गया, वही जब आरोपी संतोष दास से मामले की पूछ ताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म स्वीकारते हुए, बताया की उसके द्वारा पिछले कई महीनो से उड़ीसा से गांजा लाकर क्षेत्र में खपाया जा रहा था, फिलहाल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) व एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए, न्यायीक रिमांड पर जेल भेज दिया हैं।

28 लाख के नकली सर्फ, शैम्पू के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र में लगातार बड़ी कम्पनियों के नकली उत्पादों की अवैधानिक बिक्री होने की सूचना के तारतम्य में 18 जनवरी को हिन्दुस्तान युनिलिवर लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारी शैलेष कुमार प्रसाद पिता स्व. कृष्णा प्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी उत्तरपाडा जिला हुगली (पं बंगाल) खरसिया शहर आये थे, कम्पनी के शैलेष कुमार को असली एवं नकली उत्पाद के परीक्षण करने का ज्ञान है तथा इस विषय पर इन्होने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

कम्पनी को सूचना मिली थी कि खरसिया का नरेश अग्रवाल अपने जनरल स्टोर एवं गोदाम में कम्पनी का नकली उत्पाद शैम्पू एवं डिटर्जेंट पाउडर जान बूझ कर बिक्री कर लाभ कमाने के लिए रखा है। कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा चौकी खरसिया में कार्यवाही के लिए सूचना दिया गया। सूचना पर चौकी खरसिया एवं थाना खरसिया की पुलिस टीम व हिन्दुस्तान युनिलिवर लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारीगण द्वारा नरेश अग्रवाल के जनरल स्टोर एवं गोदाम में रेड की कार्यवाही किया गया जहां Hindustan Unilever Limited कंपनी के नाम की नकली शैम्पू सनसिल्क, डव , क्लिनिक प्लस के नाम की 1,68960 नग जिनका मुल्य 268800 /- रूपये है तथा 13 बोरी में भरा कुल 9360 पैकेट Surf Exel का पाउडर कीमत 18720/- रूपये कुल कीमत 287520 रूपये का नकली उत्पाद बरामद हुआ है।

आरोपी नरेश अग्रवाल पिता गुलाब चंद अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी डभरा रोड खरसिया के विरूद्ध थाना खरसिया में अप.क्र. 33/19 धारा 63 कॉपीराइट अधिनियम के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक अभिनवकांत सिंह, सउनि जी.पी.बंजारे, सउनि कमल राजपूत, सउनि लखन यादव, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, म.प्र.आर. सरोजनी राठौर, आरक्षक प्रदीप तिवारी, डमरू पटेल, विशोप सिंह की विशेष भूमिका रही।

टीमवर्क दिखाकर पुलिस टीम ने 2 घंटे के भीतर अपृहत बच्ची को किया बरामद, आरोपी हिरासत में

रायगढ़। 19 जनवरी की दोपहर करीब 14.35 बजे डॉयल 112 के पूंजीपथरा ERV वाहन को 03 साल की बच्ची के अपहरण होने का इवेंट मिला। ईआरवी वाहन में तत्समय कार्यरत आरक्षक बच्चन साय खलखो, वाहन चालक सुनील गुप्ता के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां बालिका के परिजनों ने 03 साल की बच्ची को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाना बताया। आरक्षक बच्चनसाय खलखो द्वारा गंभीर घटना की जानकारी थाना प्रभारी पूंजीपथरा को दिया गया। पूंजीपथरा प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह बैस अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ करने लगे, उसी समय एक व्यक्ति ने एक बच्ची को एक युवक द्वारा गोद में उठाकर ले जाना बताया। थाना प्रभारी पूंजीपथरा द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को मार्गों में नाकाबंदी कर वाहनों को चेक करने तथा बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, बाजार आदि में बच्ची व संदिग्ध युवक की पतासाजी करने के निर्देश देते हुए स्वयं मौके पर पहुंचे। एडिशनल एस.पी. हरीश राठौर, सी.एस.पी. सिद्धार्थ तिवारी भी मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टाफ को दिशा निर्देशित कर स्वयं ही अपने-अपने स्टाफ के साथ बालिका को तलाशने लगे। वहीं बालिका एवं संदिग्ध युवक की हुलिया प्राप्त कर थाना पूंजीपथरा स्टाफ व डॉयल 112 अलग-अलग दिशा में बच्ची एवं संदिग्ध युवक की पतासाजी कर रहे थे कि डॉयल 112 आरक्षक बच्चनसाय खलखो को बच्ची तराईमाल पेट्रोल पम्प के पीछे रोते हुए मिली जिसे आरक्षक ERV वाहन से थाना लेकर आया।

दूसरी ओर थाना पूंजीपथरा की एक पुलिस पार्टी ने हुलिया अनुसार संदिग्ध युवक सुन्दर साहनी पिता ननकी साहनी उम्र 19 वर्ष निवासी मोतीपुर थाना रसरा जिला समस्तीपुर (बिहार) हॉल मुकाम श्याम प्लांट पूंजीपथरा को हिरासत में लेकर थाना लाये। पूछताछ में सुन्दर साहनी ने बालिका को बहला फुसलाकर अपहृत करना स्वीकार किया है, जिसे हिरासत में लिया गया।

घटना के संबंध में बालिका के परिजन के रिपोर्ट पर अप.क्र. 14/19 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध किया गया है। घटना में बालिका की बरामदगी में डॉयल 112 के आरक्षक बच्चनसाय खलखो, वाहन चालक सुनील गुप्ता की विशेष भूमिका रही तथा आरोपी की पतासाजी/ गिरफ्तार में निरीक्षक अभयसिंह, सउनि जगतराज सिंह, आरक्षक विनोद शर्मा, गणेश राठिया व अन्य थाना स्टाफ पूंजीपथरा की विशेष भूमिका रही है।

विधायकों का सम्मान समारोह स्थगित

रायगढ़ । चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा 21 जनवरी को प्रस्तावत रायगढ़ जिले के विधायकों का सम्मान समारोह मंत्री उमेश पटेल के रायपुर प्रवास के कारण स्थगित कर दिया गया है। पटले राजधानी में मुख्यमंत्री बघेल से मुलाकात की वजह से रायपुर प्रवास पर रहेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480